तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 18.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 01 फरवरी 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

9 स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित...




10 तेंदूकोना में साईं बाबा की निकली पालकी...



## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** कोमाखान पुलिस ने लोगों को शराब पिलाने की सुविधा देने वाले कन्हैया लाल धीवर पिता रामचंद्र (46) साल ग्राम लुकुपाली के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** सिंघोड़ा मंदिर पहाड़ के पीछे ग्राम मुरैन के निवासी अनंत भोई पिता निरंजन भोई (42) ने अज्ञात वजहों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। सूचना पर सिंघोड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दो थानों में मारपीट के दो मामले

**महासमुंद।** बागबाहरा एवं महासमुंद थानों में मारपीट के मामले में जुर्म दर्ज किया गया है। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि ग्राम चारभांठा बागबाहरा के निवासी प्रेमलाल धृतलहरे पिता पुनीतराम (44) के साथ गांव के नीलकंठ ब्रम्हदेव पिता धरमु ब्रम्हदेव व अन्य दो लोगों ने गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे मामले में कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मनीराम पैकरा पिता रामजी पैकरा (34) ग्राम दशरमा भटगांव जिला बलौदाबाजार के साथ सिध्दू सेंद्रे एवं उसके दो अन्य साथी निवासी ने कांग्रेस चौक के पास गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध कायम किया गया है।

### सुरक्षा कानून बिल पास कराने की मांग

**महासमुंद।** अधिवक्ता सुरक्षा कानून बिल पास कराने एवं अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि 10,00000 रुपए करने की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ महासमुंद के सदस्यों ने गृह व विधि मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। जिला अधिवक्ता संघ महासमुंद के उपाध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा, कोषाध्यक्ष शिव भारद्वाज, सचिव नूतन कुमार साहू, जनक राम साहू, राजेंद्र साहू, प्रलय थिटे, योगेश चंद्राकर, भरत ठाकुर, ओम शुक्ला, संजय गिरी ने ज्ञापन सौंपा। मंत्री ने मांगों को पूरा कराने का आश्वासन दिया।

# चिंगरौद में रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, युवक की मौके पर ही हुई दबकर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम चिंगरौद में सूखा नदी से अवैध तरीके से रेत उत्खनित कर अन्यत्र ले जाए जाने के दौरान ट्रॉली का पहिया पंचर हो जाने और बदले जाने के दौरान जैक फिसलने से ट्रॉली पलट गई जिससे बुधवार को एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत जिला मुख्यालय से लगे ग्राम चिंगरौद में सूखा नदी से ट्रैक्टर में रेत भरकर अन्यत्र स्थान के जाया जा रहा था तभी ट्रैक्टर ट्राली का पहिया पंचर हो गया जिसे बनाने के लिए मजदूर यादराम यादव (26) ने जैक लगाया और पहिया निकालने लगा, कि अचानक जैक फिसल गया और ट्राली पलट गई जिससे यादराम उसके नीचे दब गया और उसकी मौत हो गयी। जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

## वाहन का टायर हुआ पंचर, बनाने के दौरान जैक फिसलने से हुआ हादसा

### छात्रों ने रोके थे वाहन

रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन से परेशान चिंगरौद के स्कूली छात्रों ने कुछ दिनों पहले ट्रकों को रोका था। वहीं स्थानीय खनिज विभाग को सूचित किए जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं किए जाने पर रायपुर टीम द्वारा दो दर्जन से अधिक ट्रकों पर कार्रवाई की गई थी। इन सबके बावजूद अंततः एक युवक को नदी की घाट से रेत ढोने की कीमत अपनी जान गंवा कर चुकानी पड़ी है।



### अफसरों और जनप्रतिनिधियों के सामने से अवैध उत्खनन

जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम चिंगरौद में सूखा नदी में अवैध रुप से रेत उत्खनन थम नही रहा है। उत्खनन के लगातार विरोध के बावजूद खननकर्ताओं के हौसले बुलंदी पर हैं। वहीं रेत से भरी वाहने जिले के आलाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के गेट के सामने से गुजर रही है। इसके बावजूद शासन प्रशासन इन पर लगाम कर पाने में नाकाम साबित हो रहा है।

### सरपंच ने खोदा गड्ढा

निर्बाध अवैध रेत के अवैध उत्खनन और भारी वाहनों के परिवहन से तहस नहस हो रही गांव की सड़क से परेशान पंचायत प्रतिनिधियों ने हाल ही में ग्रामीणों के साथ मिलकर मोर्चा खोला। सड़क खोद दिए जाने के बावजूद अवैध उत्खनन लगातार जारी रहा।

## धान खरीदी: 4 दिन को पूर्व संसदीय सचिव ने बताया नाकाफी, बोले-माहभर हो खरीदी

# चार दिन और रहेगी उपार्जन केंद्रों में रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के धान उपार्जन केंद्रों में अब 4 फरवरी तक रौनक बरकरार रहेगी। धान खरीदी के मामले में जिले ने अपना लक्ष्य पूरा कर लिया है। लेकिन, ये राहत भरी खबर उन किसानों के लिए हैं जो किसी वजह से अब तक एक बार भी धान बेच नहीं पाए थे। प्रदेश सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए 4 फरवरी तक तिथि बढ़ाई गई है। इस दौरान शनिवार रविवार को भी केंद्रों में खरीदी जारी रहेगी।

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद समर्थन मूल्य पर धान बेचने से



वंचित किसान खुश हैं। बता दें कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए बुधवार को अंतिम दिवस जिले जिलेभर के लगभग साढ़े चार हजार किसानों से खरीदी की जानी शेष है। उल्लेखनीय है कि विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी के लिए 1 नवंबर से जिले में 182 खरीदी केंद्रों के माध्यम से खरीदी की जा रही है। जिले में इस बार 99 लाख क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया था। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने प्रति एकड़ एक क्विंटल मात्रा बढ़ा दी है। जिससे नया लक्ष्य 1 करोड़ 58 हजार 756 क्विंटल हो गया।

### लक्ष्य से साढ़े 7 लाख क्विंटल से अधिक की खरीदी

जानकारी के अनुसार जिले में अब तक 1 लाख 50 हजार 256 किसानों से 1 करोड़ 8 लाख 18 हजार 70 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। इस प्रकार लक्ष्य से 7 लाख 59 हजार 314 क्विंटल अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। वहीं अभी भी करीब 8 हजार 500 किसान अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। जिले में इस बार 1 लाख 58 हजार 756 पंजीकृत किसानों से धान खरीदी की जानी है।

### उठाव की गति हुई तेज

पिछले चार दिन शासकीय अवकाश के कारण उपार्जन केन्द्रों से धान का उठाव भी प्रभावित हुआ था। बीते रविवार तक जिले के धान उपार्जन केंद्रों से कुल खरीदी का 79 लाख 74 हजार 820 क्विंटल धान का उठाव कर मिलरों को भेजा गया था। वहीं 18 लाख 85 हजार 360 क्विंटल धान उपार्जन केंद्रों में पड़ा था। लेकिन सोमवार और मंगलवार तक उपार्जन केंद्रों से 1 लाख 69 हजार 630 क्विंटल धान का उठाव हुआ। अब तक जिले 182 उपार्जन केंद्रों से कुल 81 लाख 44 हजार 450 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है।

### पूर्व संसदीय सचिव ने 4 दिन को बताया नाकाफी

पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने प्रदेश में धान खरीदी की



मियाद चार दिन बढ़ाए जाने को अपर्याप्त बताते हुए कहा कि लगातार कांग्रेस के दबाव के चलते मुख्यमंत्री ने केवल चार दिन खरीदी तिथि बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने केवल चार दिन की समयवृद्धि की हैं, जो निर्बाध धान खरीदी के लिए पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने 1 मार्च तक धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग की हैं।

# भुरकोनी में जुआ खेल रहे 3 लोग पकड़े गए, 7060 रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

काट पत्ती नाम का जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस ने धर दबोचा है। बुंदेली चौकी के अंतर्गत ग्राम भुरकोनी में जुआ खेल रहे 3 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इनके खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भुरकोनी कटेल खार में कुछ लोग काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। पुलिस टीम कटेल खार पहुंची तो जुआ खेल रहे इन लोगों को पुलिस ने घेराबंदी पकड़ा, इस दौरान कुछ लोग भाग निकले। पकड़े गए जुआरियों में ने पूछताछ के दौरान अपना नाम लतीफ पिता करीम हुसैन (21) निवासी कोल्दा, मुकेश पिता स्व. राधेश्याम अग्रवाल (50) निवासी पिथौरा, संजू पिता हंसदास मानिकपुरी (34) निवासी बुंदेली को मौके से पकडा और इनके कब्जे से कुल 7060 रुपए नगद जब्त करते हुए छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत कार्रवाई की। कार्रवाई में उप निरीक्षक उत्तम तिवारी चौकी प्रभारी बुंदेली, प्रआर महेंद्र ठाकुर, आर मोतीराम दीवान, मोहन ध्रुव, हिवराज कुर्रे, राकेश यादव का योगदान रहा।



### जुआ खेलते 6 लोग गिरफ्तार

कोमाखान थाना पुलिस ने मुक्तिधाम के पास जुआ खेल रहे छह लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में पीयूष चंद्राकर पिता चैनलाल चंद्राकर के साथ 05 अन्य लोगों के खिलाफ धारा 3 (2) छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई करते हुए नगद 1340 रुपए जब्त किए हैं।

# जोगीडीपा में 45 लीटर कच्ची शराब बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आबकारी टीम द्वारा आबकारी वृत्त महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत ग्राम-जोगीडीपा थाना खल्लारी में कुछ लोगों द्वारा काफी मात्रा में शराब बनाने की सूचना पर गवाहों के समक्ष नाला किनारे झाड़ियों की तलाशी ली जाने पर तीन प्लास्टिक डिब्बा में भरी हुई प्रत्येक में 15-15 बल्क लीटर कुल 45 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं पांच प्लास्टिक ड्रम में भरी हुई 100-100 किलो ग्राम कुल 500 किलो ग्राम महुआ लाहन एवं मदिरा निर्माण सामग्री बरामद किया। अज्ञात आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34(1) च 34(2), 59 (क) के तहत प्रकरण कायम कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आरोपी की पतासाजी की जा रही है।



### मेश्राम के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

उक्त कार्रवाई सहायक ज़िला आबकारी अधिकारी सविता रानी मेश्राम के नेतृत्व में वृत्त महासमुंद ग्रामीण के प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक दरसराम सोनी तथा आबकारी उपनिरीक्षक हृदय कुमार तिरपुड़े, आबकारी आरक्षक देवेश मांझी एवं स्टाफ़ द्वारा की गई।

# नाबालिग से अनाचार, युवक को 20 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शादी का प्रलोभन देकर नाबलिग से अनाचार के मामले में आरोप दोष

■ अदालत ने आरोपी पर 10 हजार का अर्थदंड भी लगाया

सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विशेष न्यायाधीश योगिता विनय वासनिक ने कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बिरकोनी निवासी 23 वर्षीय रूपेश साहू पिता धनीराम को संरक्षण अधिनियम की धारा 6 के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन के अनुसार प्रार्थी ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी पुत्री कुछ दिनों से पेट दर्द की शिकायत कर रही थी। अस्पताल में डाक्टर से जांच कराया तो पता चला कि उसकी पुत्री गर्भवती है। अभियोक्त्री से पूछताछ में जानकारी दी कि अभियुक्त रूपेश साहू दो साल से प्रेम करता हूं और उनसे शादी करूंगा कहकर कई बार संबंध बनाया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

# राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 रविवार 11 फरवरी 2024 को जिले के निर्धारित 17 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक जनरल स्टडी का पर्चा होगा एवं द्वितीय पाली में अपराह्न 03 बजे से 05 बजे तक एप्टीट्यूट टेस्ट की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पीएससी में जिले से 4283 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर प्रभात मलिक ने परीक्षा के सुचारू/निर्विघ्न रूप से संचालन हेतु संपूर्ण परीक्षा अवधि के लिए नोडल अधिकारी के सहायक के रूप में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय मचेवा के सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र डॉ ईपी चेलक एवं सहायक प्राध्यापक वाणिज्य अजय कुमार राजा को सहायक परीक्षा प्रभारी अधिकारी (सहायक नोडल अधिकारी) नियुक्त किया है।

### घोयनाबाहरा में भागवत कथा 3 फरवरी से

**कोमाखान।** ग्राम घोयनाबाहरा कला में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन तीन फरवरी से 11 फरवरी तक होगा। ज्ञान यज्ञ सप्ताह के आयोजक झंगल राम साहू, श्रीमती बेदबाई साहू ने बताया कि प्रथम दिवस तीन फरवरी को ग्राम भ्रमण हेतु एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 4 फरवरी को श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होगी। जिसमें परीक्षित चरित्र का वर्णन किया जाएगा। 5 को ध्रुव चरित्र, कपिल बेल अवतार, जड़भरत चरित्र, 6 को अजामिल कथा, प्रहलाद चरित्र गजेंद्र मोक्ष,7 को समुद्र मंथन, वामन, रामकृष्ण अवतार, 8 को श्रीकृष्ण बाल लीला, रूखमणी विवाह, 9 को सुदामा चरित्र, दत्तात्रेय भगवान की कथा व दीप यज्ञ, 10 को परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, चढ़ौत्री व शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। अंतिम दिन 11 फरवरी को गीता पाठ, पूर्णाहुति पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। तथा इस अवसर पर भक्तों के लिए भंडारा भी रखा गया है। साहू दंपति ने बताया कि सेलूद (दुर्ग) के भागवताचार्य पं. चेलादास वैष्णव (ग्राम फेकारी) भक्तों को कथा का रसपान करायेंगे। कथा दोपहर 12 बजे से सायं 5 बजे तक प्रतिदिन नवग्रह शांति सुबह 7.30 से 9.30 बजे तक होगा।

# नए रोजगार पंजीयन पोर्टल में आवेदन के बाद सत्यापन कराने की जरूरत नहीं

## दूर दराज के इलाके में रहने वाले बेरोजगार युवकों को मिल रही राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बेरोजगार युवाओं को अब बार बार रोजगार दफ्तर के चक्कर नही लगाने होंगे। ऑनलाइन आवेदन के बाद सत्यापन के लिए हार्ड कॉपी के साथ पंजीयन में अफसर के दस्तखत की अनिवार्यता को शासन द्वारा समाप्त किए जाने का स्वागत शिक्षित बेरोजगार कर रहे हैं। इस सुविधा से वैकेंसी निकलने के बाद रोजगार पंजीयन व नवीनीकरण रोजगार दफ्तर में लने वाली भीड़ और परेशानी से युवाओं को राहत मिलेगी। इसी माह से शिक्षितों का पंजीयन नए पोर्टल में हो रहा है।



प्रदेश में शासन बदलने के बाद से रोजगार पंजीयन की प्रक्रिया में भी बदलाव कर इसे डिजिटल किया जा रहा है।

युवा शासन के ई-रोजगार पोर्टल से डिजिटल पंजीयन करा सकते है और घर बैठे ही रोजगार पंजीयन कराने के लिए आवेदन कर रहे है। नए पोर्टल से रोजगार पंजीयन हो रहा है। युवा अपने एंड्राइड मोबाइल से ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। दफ्तर पहुंचने वाले का भी पंजीयन हो रहा है। इससे शहर से 80 से 100 किलोमीटर दूर से आने वाले युवाओं के लिए बड़ी राहत मिली है। कई बार सर्वर डाउन होने के कारण रोजगार पंजीयन नहीं हो पाता है। इससे युवाओं में भारी आक्रोश रहता था। अब कोई भी घर बैठे अपना रोजगार पंजीयन कर सकता है। रोजगार पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह से ऑनलाइन हो गई है। ऑनलाइन पंजीयन करने के बाद कार्यालय आने की जरूरत नहीं है।

### आधार कार्ड व मोबाइल नंबर अनिवार्य

नए पोर्टल से रोजगार पंजीयन शुरू हो गया है। पोर्टल में युवा पंजीयन करा सकते है। जिसके लिए आधारकार्ड व मोबाइल नंबर अनिवार्य है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग पंजीयन कराने भी पहुंच रहे हैं। दरअसल पोर्टल में कई ग्राम पंचायत का नाम व नवीनीकरण पंजीयन में नंबर अपडेट में भी परेशानी हो रही है। जिसे सुधार करने हेड ऑफिस भेजा जा रहा है।

### घंटों लगानी पड़ती थी लाइन, अब भीड़ नहीं

जिला रोजगार अधिकारी ए लॉरी ने बताया कि कई बार वैकेंसी आने के बाद रोजगार पंजीयन के लिए जिला रोजगार कार्यालय पर लोगों की भीड़ लग जाती थी। दूर-दराज से आने वाले लोगों को घंटों तक लाइन में खड़े रहना पड़ता था। अब युवाओं को परेशान नहीं होना पड़ेगा। अपनी एंड्राइड मोबाइल पंजीयन करा सकते है। जिसके लिए आधार कार्ड व मोबाइल नंबर में ओटीपी भेजा जाएगा।

# तरेकेला में सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में उमड़े श्रदालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला में 28 जनवरी से सात दिवसीय सरस, संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला मे आयोजित हो रहा है। 28 फरवरी से आयोजित संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ कथा प्रवाह के कथाकार साध्वी अरूणा देवी वृंदावन धाम से पधारकर भागवत कथा प्रवाह में श्रद्धालुजन गोता लगा रहे हैं।

प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के भूतपूर्व महंत माधव दास की पुण्य स्मृति मे यहां महंत लखन मुनि के मार्गदर्शन में समय-समय पर सत्संग, भजन, कथा होता रहता है। आयोजित कथा संध्या कालीन सत्र में प्रतिदिन 3 बजे से संध्या 07 बजे तक कथा प्रवाह पश्चात प्रतिदिन भंडारा का आयोजन रखा हो रहा है। ग्राम व समिति के सभी बंधु इस अवसर पर सेवा दे रहे हैं। माताएं-बहनें ,बाल-वृद्ध , युवा सभी एकता के साथ आयोजक प्रमुख मुनि के साथ में खड़े हैं।



प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के महंत लखन मुनि ने बताया कि कथा प्रारंभ दिवस 28 जनवरी-कलश यात्रा, पंचांग पूजन के साथ सम्पन्न होकर आज चौथे दिन 31 जनवरी को वामन अवतार के साथ भव्य श्री कृष्ण जन्मोत्सव की झांकी के साथ कथा हुआ है।

1 फरवरी कृष्ण बाल लीला, माखनचोरी, छप्पनभोग, 02 फरवरी रुक्मिणी विवाह, 03 फरवरी सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा विश्राम, 04 फरवरी तुलसी वर्षा, छप्पनभोग, हवन, महा भंडारा पश्चात कार्यक्रम का समापन होगा।

हरिभूमि पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

**खबर संक्षेप**



## बूढ़ापारा हनुमान मंदिर में किया रामरक्षा स्त्रोत

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के बूढ़ापारा केंद्र की महिलाओं ने मंगलवार को सुबह बूढ़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में सात बार रामरक्षा स्त्रोत का पाठ किया और छह बार हनुमान चालीसा का पाठ। मंडल की आध्यात्मिक समिति की प्रमुख आस्था काले ने बताया कि बूढ़ापारा केंद्र प्रति मंगलवार और शनिवार को हनुमान मंदिर में रामरक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा का पाठ करता आ रहा है। जल्दी ही महाराष्ट्र मंडल के अन्य केंद्र भी समीपस्थ हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ एवं रामरक्षा स्त्रोत का पाठ नियमित रूप से करेंगे। कार्यक्रम में हेमा पराड़कर, अपर्णा मोघे, अनघा करकशे, अर्चना मोघे सहित अनेक श्रद्धालु महिलाएं उपस्थित रहीं।

## 6 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से शराब बेचते गिरफ्तार किया है। आरोपी अनिल रेगे शीतला मंदिर ढीमर मोहल्ले का रहवासी है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 35 पौवा देशी शराब बरामद की है, जिसकी कीमत 3850 रुपए आंकी गई है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## एनीकट से तालाब भरने की योजना का क्रेडा सीईओ ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के निवासियों के लिए तालाब न केवल उनके दैनिक उपयोग के निर्वहन के लिए, अपितु बहुत से रीति-रिवाजों से संबंधित कार्यों के लिए भी होते हैं। प्रायः देखा जाता है कि ग्रामीण आस्थाओं से बहुत करीब से जुड़े हुए यह तालाब गर्मी के दिनों में सूख जाते हैं, जिससे न केवल उस तालाब के आश्रित ग्रामीणों को निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ता है, बल्कि उनके रीति-रिवाजों से संबंधित कार्य भी प्रभावित होते हैं। क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह राणा ने इस संबंध में जिला महासमुंद के महासमुंद विकासखंड में स्थित ग्राम मुढ़ेना में एनीकट से तालाब भरने की एक प्रगतिरत परियोजना का निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

## जिला सलाहकार समिति के सदस्य बने अमित

रायपुर। भारत सरकार के केंद्रीय युवा कल्याण और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा रायपुर छत्तीसगढ़ के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अमित चौधरी को नेहरू युवा केंद्र संगठन के जिला सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर द्वारा सामाजिक सेवा, युवा कार्य, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन (NYKS) से संदर्भित युवा कार्यक्रम पर जिला सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है।



# पीएम श्री स्कूल होंगे ग्रीन जोन, वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड भी, अधिकारी करेंगे इनकी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**अलग खबर**

छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत संचालित किए जा रहे 211 स्कूलों के लिए बजट की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई पीएम श्री योजना राज्य सरकार की उच्च प्राथमिकता में शामिल है। पीएम श्री योजना के लिए चयनित शालाओं में सभी जरूरी इंतजाम किए जाएंगे। भवन निर्माण के लिए जिला स्तर पर निर्माण एजेंसी निर्धारित कर निर्माण एजेंसियों को राशि हस्तांतरित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री अर्थात प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राईजिंग इंडिया योजना के तहत चयनित स्कूलों को अपग्रेड किया जाएगा, जिसके तहत स्मार्ट क्लास, पुस्तकालए, खेल उपकरण, प्रयोगशाला आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। छत्तीसगढ़ में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें प्रारंभिक स्तर पर 193, सेकेंडरी और हायर सेकेंडरी स्तर पर 18 शालाएं शामिल हैं। ये स्कूल आस-पास के स्कूलों में मेंटरशिप भी प्रदान करेंगे।

## प्रदेश में पीएम श्री योजना के तहत 211 स्कूल संचालित

### आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता

स्कूल शिक्षा सचिव ने कहा, पीएम श्री योजना के गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए 15 दिनों के भीतर आवश्यक राशि जारी करें और एक सप्ताह के भीतर प्राचार्यों की बैठक कर प्रबंध संचालक समग्र शिक्षा को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन समन्वयक आपसी सामंजस्य बनाकर काम करें। आकांक्षी जिलों को प्राथमिकता देते हुए सभी स्कूलों का स्वयं मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बालवाड़ी में अध्यापन कर रहे शिक्षकों के मानदेय तत्काल भुगतान किए जाने के निर्देश भी दिए।



### खेल को भी दिया जाएगा महत्व

पीएम श्री योजना के तहत शुरू किए गए स्कूलों में वेंडिंग मशीन, सेनेटरी पैड, आत्मरक्षा प्रशिक्षण, किशोरावस्था के कार्यक्रम, कॅरियर काउंसलिंग, वार्षिक शाला अनुदान, ग्रीन स्कूल, स्पोर्ट्स, योग, खेल शिक्षक प्रशिक्षण, सोशल एजूकेटर, समावेशी शिक्षा जैसी गतिविधियां भी होंगी। इसके लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 2 बड़े बकायादारों की फर्म पर 15 लाख रुपए बकाया, सील किया तो तत्काल आरटीजीएस

# बकाया कर जमा करने में ढिलाई 17 संस्थाओं को किया सीलबंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के राजस्व महकमे ने बड़े बकायादारों पर बकाया राजस्व कर वसूलने जोनवार अभियान चलाया है। मंगलवार को अलग-अलग जोन में 17 बड़े बकायादारों के संस्थान को सीलबंद करने की कार्रवाई की गई। वहीं 2 बड़े बकायादार के फर्म को सील करने पहुंची टीम को संबंधित फर्म संचालक ने तत्काल आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान कर दिया।

- **पॉल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी पर 17 लाख 32 हजार का कर बकाया, दुकान को किया सील**

नगर निगम के राजस्व विभाग की जोन टीमों ने 17 विभिन्न संस्थानों को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की। इस दौरान बड़े बकायादारों ने 33 लाख 95 हजार 430 रुपए का बकाया राजस्व का भुगतान स्पॉट पर किया। यह कार्रवाई 10 जोन में 79 लाख 81 हजार 519 रुपए के डिमांड नोटिस पर बकाया राशि वसूलने की गई।

वीर शिवाजी वार्ड के 4 स्थानों पर जोन 1 अमले ने बकाया कर वसूली करने कार्रवाई की। 2 जगहों को सील किया गया, 2 स्थानों पर बड़े बकायेदार ने तत्काल बकाये की राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 23 हजार की बकाया राशि का भुगतान किया।

### शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर की 4 दुकानें सील

जोन 2 के राजस्व विभाग टीम ने शहीद स्मारक व्यावसायिक परिसर में अभियान चलाकर वर्ष 2017-18 से वर्ष 2023-24 तक के बड़े बकायेदार की 11 दुकानों में कार्रवाई की। इस दौरान 4 दुकानों को सील किया गया, अन्य 7 बकायेदारों ने तत्काल बकाया राशि का भुगतान कर दिया। कार्रवाई के दौरान निगम को बकायेदारों ने 5 लाख 50 हजार 156 रुपए का तत्काल भुगतान किया। जोन 3 के कालीमाता वार्ड स्थित बड़े बकायादार न्यू छत्तीसगढ़ किरायेदार के वर्ष 2018-19 से वर्ष 2023-24 तक डेढ़ लाख से ज्यादा के बकाया कर भुगतान नहीं करने पर संस्थान को सीलबंद करने कार्रवाई की गई।



### इन संस्थानों पर भी सीलबंदी

जोन 9 की टीम ने 2 वार्ड में 2016-17 से 2023-24 तक के 15 लाख 11 हजार रुपए के बड़े बकायेदार मेसर्स नैक्सेस देवकॉन प्रा. लि., तरुण मरवाह, विजय मरवाह एवं साहू कांप्लेक्स के 3 दुकानदार के संस्थानों में बकाया कर अदा नहीं किये जाने पर सीलबंदी की कार्रवाई की। जोन 10 अमले ने 2 बड़े बकायादारों से संबंधित फर्मों में बकाया राजस्व वसूलने सीलबंदी की कार्यवाही करने गए, इस दौरान दोनों बड़े बकायादारों ने 15 लाख 20 हजार रुपए का आरटीजीएस कर संपूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा।



### माधवराव सप्रे वार्ड में डेयरी मालिक का संस्थान सील

जोन 8 राजस्व विभाग की टीम ने माधवराव सप्रे वार्ड में बड़े बकायेदार व डेयरी मालिक महेंद्र यादव के संस्थान पर सीलबंदी की कार्रवाई की। यह कार्रवाई 2015-16 से 2023-24 तक के 4 लाख 75 हजार 274 रुपए बकाया कर भुगतान नहीं किए जाने पर की गई।

### मोतीबाग कांप्लेक्स की 4 दुकानें सील

मोतीबाग कांप्लेक्स में वर्ष 2014-15 से 2023-24 तक के बकायेदार गंगा सागर मिश्रा दुकान नंबर 47, शिव प्रसाद दुकान नंबर 48, विवेक गुप्ता दुकान नंबर 49, बलराम गुप्ता दुकान नंबर 50 पर सीलबंदी की कार्रवाई बकाया कर के भुगतान में कोताही पर की गई। जोन 5 की टीम भक्त कर्मा वार्ड क्षेत्र स्थित संस्थान के बड़े बकायेदार पर 4 लाख 77 हजार की बकाया राशि जमा नहीं करने पर संस्थान में सीलबंदी करने पहुंची, इस दौरान संबंधित बड़े बकायेदार ने निगम को सम्पूर्ण बकाया राशि का तत्काल भुगतान कर स्वयं को सीलबंदी की कार्रवाई से सुरक्षित रखा। ईश्वरीचरण चरण शुक्ल वार्ड क्षेत्र में 17 लाख 32 हजार रुपए के बड़े बकायेदार पाल गुड्स ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रोपराइटर अरविंदर सिंह के संस्थान को बकाया अदा न करने पर सीलबंद करने की कार्रवाई की।

## वित्त मंत्री से नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने की मुलाकात



**रायपुर।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मंगलवार को उनके शंकर नगर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि ने सौजन्य मुलाकात की। डॉ. मणि ने वित्त मंत्री से चर्चा करते हुए उन्हें राज्य में नाबार्ड के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। नाबार्ड की तरफ से श्री चौधरी को 2024-25 के स्टेट फोकस पेपर रिलीज के लिए आमंत्रित किया गया। डॉ. मणि ने जानकारी देते हुए कहा कि नाबार्ड पहले जिला और फिर राज्य का क्रेडिट पोटेंशियल बताता है। इससे कृषि, लघु एवं मध्यम उद्योग समेत अन्य प्रायोरिटी सेक्टर के प्रयोजनों के लिए राज्य को नाबार्ड से ऋण मिलने में मदद मिलती है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने नाबार्ड के अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि वो विकसित भारत के संबंध में एक विस्तृत योजना बनाएं तथा उन्नत कृषि के लिए प्रत्येक जिले की ग्राउंड लेवल प्लानिंग करे ताकि किसानों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके और युवाओं का कृषि के प्रति रुझान बढ़े।

## कंपनी प्रबंधक को ज्ञापन सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन

**रायपुर।** उरला औद्योगिक क्षेत्र में एक कंपनी के विरुद्ध कंपनी गेट के सामने सोमवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में सैकड़ों के तादाद में लोग शामिल हुए। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता अजय चकोले ने छत्तीसगढ़ में काम करने वाले मजदूर भाई-बहनों का लगातार शोषण कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जानकारी को संज्ञान में लेते हुए कंपनी को धरने के माध्यम से चेताया व कंपनी प्रबंधन को पत्र भी दिया। कंपनी मजदूरों को श्रम कानून अधिनियम के तहत भुगतान करें, सुरक्षा उपकरण कामगारों को दें, यदि कंपनी नहीं करती है तो पार्टी न्यायालय के शरण में जाएगी। ज्ञात हो कि विगत दिनों मजदूरों को सुरक्षा उपकरण नहीं देने के कारण दो मजदूरों की मौत हो गई थी। धरना प्रदर्शन में चंदू तांडी, फरीद कुरैशी, लालबहादुर यादव, संदीप पाल, सुशील विश्वकर्मा, प्रिया शर्मा आदि शामिल थे।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बस्तरिया, राउत डांडिया व देशभक्ति गीतों पर दी प्रस्तुति

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित नेहरू स्मृति विद्यालय में एक दिवसीय वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्यातिथि हाई स्कूल प्राचार्य व नोडलाधिकारी करण सिंग सोरी, सरस्वती शिशु मंदिर संचालक गौकरण साहू, संकुल समन्वयक निर्वाहण दास मानिकपुरी, तुमगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, दूधराम साहू, पूरन साहू, ललित निषाद, दामोदर चंद्राकर, जगदीश चंद्राकर, देवनाथ साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। नन्हे मुन्हे बच्चों द्वारा स्थानीय संस्कृति व अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रदर्शन किया। जिसमें बच्चों द्वारा देश भक्ति के महत्व को बताया। नृत्य, गायन के अलावा अपनी कला बिखेरी। नर्सरी के बच्चों का पहला सामूहिक डांस अनेक टोली में कार्यक्रम प्रस्तुत किया। फिर जूनियर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुति देकर दर्शकों की तालियां बंटोरीं। अलग-अलग क्लास के छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, गीत, नाटक आदि की प्रस्तुतियां दीं। छत्तीसगढ़ी वेशभूषा में बच्चों ने थिरकते हुए बस्तरिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। बाद स्वच्छ भारत व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं विषय पर किए गए नाटकों का सराहना की। इस दौरान स्कूल में भाषण सुन कर दर्शकों ने तालियां बजाईं। बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कठिन मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि प्राचार्य केएस सोरी ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। बच्चों ने बेहद अनूठे अंदाज में सामाजिक चेतना को जागृत करने का कार्य किया है। प्राचार्य टूपसिंग निषाद व जगदीश चंद्राकर ने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। इस मौके पर सरस्वती यदु, रमा यादव, पूर्णिमा चंद्राकर, खेमिन साहू, भारती चक्रधारी, भारती यादव, तेजेश्वरी यादव, गोदावरी निषाद, उषा साहू, नीरा निषाद, विनम्रता सेन, छाया साहू सहित ग्रामीण की उपस्थित रहे।



## रूस गणराज्य से ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी रायपुर पहुंचीं

**रायपुर।** ब्रह्माकुमारी संस्थान के सदस्यों को रिफ्रेशर कोर्स कराने के लिए रूस से ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी रायपुर आई हुई हैं। वे विगत 34 वर्षों से रूस में अपनी सेवाएं दे रही हैं। विमानतल पर उनका स्वागत रायपुर केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। इसके बाद शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर में तिलक और गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी और ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने किया। रिफ्रेशर कोर्स का आयोजन शांति सरोवर रिट्रीट सेंटर रायपुर में किया जा रहा है। विषय रखा है निर्विघ्न योगी जीवन। उद्घाटन सत्र में ब्रह्माकुमारी संतोष दीदी ने कहा कि जब हम अपना तन, मन, धन, समय और संकल्प ईश्वर को समर्पित कर देते हैं, तब उनसे योग लगाना सहज हो जाता है। हमारा योग यथार्थ योग है।

## सहारा भुगतान को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** सहारा पीड़ित जमाकर्ता, कार्यकर्ता कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनय सिंह राजपूत और प्रदेश महासचिव ओंकार नाथ ताम्रकार सहित सदस्यों ने बताया कि रायपुर, दुर्ग और सराईपाली के साथ अधिकांश जिला में सहारा के भुगतान को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और कहा कि भुगतान नहीं होने की स्थिति में सड़क की लड़ाई लड़ने के लिए तैयारी सहारा के निवेशकों द्वारा की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में विमल जैन, टेकू साहू, भरत रोहरा, पंकज, रविंद्र, रोहित, विकास आदि शामिल थे।



### वार्षिकोत्सव में शामिल हुईं प्रदेश उपाध्यक्ष सरला

**सरायपाली।** सरायपाली विधानसभा के ग्राम बालसी में सरस्वती शिशु मंदिर द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया शामिल हुईं। बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं, पालकगण व ग्राम वासी उपस्थित रहे।



### मुरकी में क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मोरधा आश्रित ग्राम मुरकी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया। मुख्य अतिथि सरपंच दामजी साहू थे। विजयी टीम को शील्ड प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर क्रिकेट टीम के सभी सदस्य एवं समस्त नागरिक गण उपस्थित थे



### मोरधा में ध्वजारोहण हुआ

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत मोरधा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सरपंच दामजी साहू, सचिव, रोजगार सहायक महेंद्र कुमार भारती एवं पंचगण एवं समस्त नागरिक उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों के राशनकार्ड नवीनीकरण करने में पार्षद दे रहे मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में आ रही सर्वर डाउन सहित अन्य तरह की दिक्कत को देखते हुए पार्षद एवं एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने अनूठा तरीका अपनाया है। वे अपने वार्ड के ऐसे बुजुर्गों तक पहुंच रहे हैं, जिन्हें मोबाइल चलाने में दिक्कत होती है या फिर जो चलने-फिरने में असमर्थ हैं। उनके घर जाकर वार्ड पार्षद राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में सहयोग देने आगे आए हैं।

- **जो चल-फिर नहीं सकते, मोबाइल चलाने में दिक्कत वाले वरिष्ठजनों को दे रहे सहयोग**

मंगलवार को पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद आकाश तिवारी ने बुजुर्गों के राशनकार्ड नवीनीकरण कार्य में मदद की। उन्होंने बताया कि सर्वर डाउन होने के कारण जनता को काफी परेशानी हो रही है। यह उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से देखा है। इसलिए प्रतिदिन वे 10 से 15 बुजुर्ग के घर जाकर राशनकार्ड नवीनीकरण के लिए मदद प्रारंभ किए हैं। वार्ड में कई ऐसे परिवार हैं, जहां काफी बुजुर्ग हैं, जो चल-फिर नहीं सकते हैं। कुछ ऐसे लोग हैं, जिनके पास मोबाइल नहीं है, कुछ ऐसे भी हैं, जो अकेले ही घर पर रहते हैं। उनके घर जाकर उनका राशनकार्ड नवीनीकरण करने में मदद कर रहे हैं, ताकि वरिष्ठजनों को कोई परेशानी न हो।



# डगनिया, डीडीनगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के दर्जनभर से ज्यादा दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

डंगनिया, डीडी नगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के बाजार क्षेत्र में सफाई में कोताही बरतने वाले दर्जनभर से ज्यादा दुकानदारों पर निगम अमले ने 10,600 रुपए जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सड़क यातायात बाधित किए जाने पर फटकार लगाई गई। जन शिकायत के आधार पर जोन कमिश्नर सुशील चौधरी ने औचक निरीक्षण में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकानदारों से जुर्माना वसूला।

- **बाजार क्षेत्र में मिली गंदगी, सड़क यातायात को बाधित किया जाना पाया**

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने 10 जोन के कमिश्नरों को निर्देश दिये हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन कमिश्नर सुशील कुमार चौधरी ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड और पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्षेत्र में डंगनिया, डीडी नगर, लाखेनगर, पुरानी बस्ती के बाजार क्षेत्रों में प्राप्त जनशिकायतों की वस्तुस्थिति जानने 14 दुकानों की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया।



### दुकानों में साफ-सफाई का अभाव पाया

निरीक्षण के दौरान सभी संबंधित 14 भिन्न दुकानों में साफ-सफाई का अभाव पाया, साथ ही सड़क यातायात को बाधित किया जाना पाया गया। जोन कमिश्नर ने संबंधित दुकानों के संचालकों को सफाई व्यवस्था तत्काल सुधारने और भविष्य में सड़क यातायात बाधित नहीं किये जाने के निर्देश देते हुए इन दुकानदारों से 10,600 रुपये का जुर्माना वसूला।

## खबर संक्षेप



### गांधी की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर बेलसोंडा में स्थित माता कस्तूरबा ट्रस्ट के बस्तर के नक्सली प्रभावित बालिकाओं के साथ उपसरपंच हुलसी चंद्राकर ने विभिन्न स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही गांव को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। इस दौरान अधीक्षिका हेमलता चंद्राकर, मनोरमा स्वाई, बालिकाओं ने स्वछता अभियान में हिस्सा लिया।

### देवेंद्र को विहिप, बजरंग दल का विधि प्रकोष्ठ का मिला दायित्व



**सरायपाली।** हिंदू समाज को विधिक तौर पर मजबूत करने विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के नेतृत्व में सरायपाली के वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र शर्मा को विधि प्रकोष्ठ का दायित्व दिया गया है। इस संबंध में मयंक पाणिग्रही ने कहा कि हिंदू गरीब परिवार को सहयोग और संगठन के कार्यकर्ताओं को विधि क्षेत्र में मार्गदर्शन मिले और बजरंगियों पर लगने वाले झूठे आरोप, फर्जी एफआईआर दर्ज और क्षेत्र में हो रहे गौ तस्करी, धर्मांतरण, लव जिहाद आदि जैसे असामाजिक तत्वों को सबक सिखाएगी। शर्मा ने हिंदू समाज के प्रमुख विषयों पर विधिक सेवा देने की बात कही। बैठक में चर्चा हुई कि आगामी हिंदू नववर्ष, रामनवमी जैसे अनेक हिंदू महापर्व को भी भव्य रूप से मनाया जाएगा।

### किसान अब 4 तारीख तक समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे अपना धान

**महासमुंद।** तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बड़ा फैसला लेते हुए धान खरीदी की तिथि बढ़ाई है। अब किसान 4 फरवरी तक अपना धान बेच सकेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के धान खरीदी की तिथि में वृद्धि के आदेश का समाचार सुनते ही किसानों में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री के इस फैसले पर तुमगांव सिरपुर मंडल के कार्यकर्ताओं व किसानों ने आभार जताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में एक बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है।

**चर्चा :** बैठक में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की ली जानकारी

# स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनाना सुनिश्चित करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर प्रभात मलिक ने यहां कलेक्टेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शासन की योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और राजस्व कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को महत्वपूर्ण और संवेदनशील बताते हुए अधिकारियों को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता से काम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारियों को फर्जी जाति प्रमाण पत्र को रोकने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित करने तथा जाति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्रस्ताव पारित करने के निर्देश दिए। इसी तरह फौती, नामांतरण व राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-समय पर विशेष शिविर लगाने कहा। खास कर उन गांवों में जहां राजस्व प्रकरणों में त्रुटि है वहां पहले आयोजित किए जाए। साथ ही अविवादित राजस्व गांव बनाने पर जोर दिया। बैठक में अपर कलेक्टर दुर्गेश वर्मा, निर्भय साहू, एसडीएम हेमंत नंदनवार, उमेश साहू, सृष्टि चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर श्रवण कुमार टंडन, आशीष कर्मा सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद थे।




कलेक्टर मलिक ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि, इनका लाभ लक्षित वर्गों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप राजस्व विभाग के योजनाओं का क्रियान्वयन कर लक्ष्य समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं से पात्र लाभान्वित हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वन अधिकार पत्र, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित आम ग्रामीणों से जुड़े राजस्व प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में उन्होंने निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा कर लिया गया है, ऐसे प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करें। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक हैं। इस योजना के तहत छोटे और सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। राजस्व अधिकारी प्रत्येक पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिले इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। राजस्व विभाग के लोक सेवा गारंटी योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने किसी कार्य के लिए आवेदन किए है, ऐसे आवेदनों या प्रकरणों को निर्धारित समय पर निराकृत करें। राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने डिजिटल हस्ताक्षरित खसरों के सत्यापन, राजस्व अभिलेखों में आधार सीडिंग, मोबाईल नंबर व जेंडर प्रविष्टि की प्रगति, आबंटन, नियमितीकरण, विवादित एवं अविवादित नामांतरण, सीमांकन तथा जाति प्रमाण-पत्र की विस्तृत समीक्षा की।

इसके अलावा कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि जो आवास स्वीकृत हो चुके हैं, उसे अतिशीघ्र पूर्ण कर पूर्णतः प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें। इसके अलावा सभी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को मनरेगा अंतर्गत कच्ची सड़क, भूमि सुधार, मुक्तिधाम निर्माण एवं जीर्णाद्धारा, बाजार शेड एवं चबूतरा निर्माण, सिंचाई के उद्देश्य से छोटे-छोटे उपयुक्त स्टॉप डेम, स्कूल पहुंच मार्ग पर सीसी रोड एवं सुरक्षा की दृष्टि से आहता निर्माण, पर्यटन स्थलों में शौचालय और राशन दुकानों के पास प्रतीक्षालय और शेड निर्माण तथा स्कूलों में किचन शेड निर्माण, गार्डन एवं सौंदर्यीकरण कार्य करने के निर्देश दिए।

## जंगलबेड़ा ने 5 विकेट से जीती चैलेंजर ट्रॉफी




**सरायपाली।** चैलेंजर ट्रॉफी के लिए हो रहे क्वालिफायर टूर्नामेंट का फाइनल जंगलबेड़ा ने 5 विकेट से जीता। फाइनल में खपरीडीह की टीम ने 146 रन 15 ओवर में बनाए, लेकिन सुनील के शारदा अर्धशतक की बदौलत जंगलबेड़ा ने यह खिताब अपने नाम कर लिया। समापन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल का आतिशबाजी कर स्वागत किया गया। अध्यक्षता पीसीएस के संरक्षक देवराम साहू ने की। प्रतियोगिता का शुभारंभ 18 जनवरी को सरपंच पार्वती चंद्रेश सिदार के मुख्य आतिथ्य तथा जनपद सदस्य मोहन चौहान की मौजूदगी में हुआ था। फाइनल मैच 31 जनवरी को खेला गया। प्रतियोगिता में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए तुलाराम खपरीडीह को मैन आफ द टूर्नामेंट तथा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का ईनाम दिया गया। मैं आफ द मैच मैच सुनील, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज छबिलाल, फील्डर प्रकाश तथा सर्वश्रेष्ठ कीपर झनेद्र साहू केंदूढार को दिया गया।

मुख्य अतिथि प्रखर अग्रवाल ने संगम सेवा समिति के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और युवाओं को जोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विजेता उपविजेता टीम को बधाई दी। फुलझर क्रिकेट संघ की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इतनी पुरानी समिति के माध्यम से संचालित होना प्रशंसनीय है। पीसीएस अध्यक्ष शैलेंद्र साहू ने फाइनल मैच में खेलने वाले दोनों टीमों की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए सुधार करने नसीहत दी। कार्यक्रम के अंत में ध्वज अवतरण हुआ। आयोजन समिति के अध्यक्ष चूड़ामणि साहू को मुख्य अतिथि ने पीसीएस का ध्वज सौपा तथा उस ध्वज को पुनः पीसीएस अध्यक्ष को प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में चूड़ामणि साहू, भूमिधर साहू, चेतनधर साहू, दूधनाथ साहू, मोहनलाल खंडेल, पीसीएस अधिकारी निर्मल प्रधान, भीमेश्वर साहू, देवदत्त बारीक, उमाशंकर ध्रुव, गजानंद नायक, गिरजाशंकर स्वर्णकार, झनेंद्र साहू आदि मंचासीन रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में कुष्ठ निवारण दिवस मनाया

**सरायपाली।** स्व. मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एचएल जांगड़े, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे व विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक शीतल सिंह के संयुक्त तत्वावधान में कुष्ठ निवारण दिवस के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र में पुष्प अर्पित व दो मिनट का मौन धारण कर मनाया गया। विदित हो कि 30 जनवरी को नाथूराम गोडसे द्वारा महात्मा गांधी की हत्या किया गया था, इसलिए इस दिन को शहीद दिवस तथा महात्मा गांधी द्वारा बिना छुआछूत के कुष्ठ रोगियों की सेवा एवं कुष्ठ रोग के संबंध में उनके योगदान को याद रखने के लिए कुष्ठ निवारण दिवस मनाया जाता है।

इस विषय पर प्रकाश डालते हुए डॉ एचएल जांगड़े द्वारा बताया गया कि सन 1873 में नार्वे के वैज्ञानिक जीएच आर्मर हेंसन ने कुष्ठ रोग की खोज की थी। बताया कि यह रोग माइको बैक्टेरियम लैप्री नामक बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है। वर्तमान में एमडीटी चिकित्सा द्वारा कुष्ठ रोग पूर्णतः ठीक हो जाता है। यदि किसी के शरीर में लाल चकता तामिया सुन्नपन वाला दाग हो तो नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवा कर निःशुल्क दवाई प्राप्त करें। बीमारी को छिपाना नहीं चाहिए। कुष्ठ बीमारी छुपाने से व सही समय पर इलाज नहीं कराने पर हाथ पैर में विकृति आ जाता है। इसी कड़ी में टीआर धृतलहरे ने बताया कि कुष्ठ रोग की बीमारी देवी प्रकोप, वंशानुगत, पूर्व जन्म का पाप, अनैतिक आचरण, बुरे कर्म से नहीं होता है। यह संक्रामक और लाइलाज बीमारी भी नहीं है, इसका समुचित इलाज सभी स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध है। परंतु, वर्तमान स्थिति में भी प्रायः यह देखा जाता है कि कुष्ठ रोगी व्यक्ति को सार्वजनिक स्थलों एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों से दूर रखा जाता है। इस अवधारणा को समाप्त करने की आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र की तरफ से 2030 तक एवं भारत सरकार की तरफ से 2027 तक कुष्ठ बीमारी का उन्मूलन किया जाना है।

आम जनता के सार्थक सहयोग का ही परिणाम है कि पोलियो जैसी बीमारी 2014 से भारत से विदा हो चुका है। आगे शीतल सिंह द्वारा बताया गया कि यदि आपके आसपास ऐसे व्यक्ति मिलते हैं जिनके शरीर में किसी भी प्रकार के दाग धब्बे हैं तो उन्हें नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र में भेजना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा इस वर्ष 2024 का थीम कुष्ठ रोग को हराओ घोषित किया गया है, जिसका हमें पालन करना है। पूरे छत्तीसगढ़ में कुष्ठ रोगी के हिसाब से महासमुंद जिला का तीसरा स्थान है। कार्यक्रम में डॉ कुणाल नायक, महेश श्रीवास, एमडी वैष्णव, डोलचंद पटेल, रूपचंद साहू एवं सीएचसी के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कुष्ठ मुक्त भारत बनाने का लिया संकल्प

**कोमाखान।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कुष्ठ जनजागरुकता अभियान की शुरुआत आत्मानंद विद्यालय कोमाखान से की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य हीरा सिंह नायक ने कहा कि महात्मा गांधी अपने वर्धा आश्रम में कुष्ठ रोगियों को रखकर उनका उपचार किया करते थे। उन्होंने बहुत पहले ही कुष्ठ मुक्त भारत का सपना देखा था, उसी संकल्प को लेकर आज हम यह जागरुकता अभियान की शुरुआत कर रहे है, जो लगातार 13 फरवरी तक चलेगा। बहुत से पाश्चात्य देशों ने कम संसाधनों के माध्यम से ही कुष्ठ रोग को अपने देश से दूर भगा दिया। लेकिन, हम आज भी भारत में इसे ढो रहे है और खास कर हमारा प्रदेश छत्तीसगढ़।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोमाखान के कुष्ठ सेक्टर प्रभारी अरुण शुक्ला ने चित्र व फोल्डर के माध्यम से कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण, पहचान व निदान की संपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि कुष्ठ जिसे लेप्रोसी भी कहा जाता है एक बेक्टेरियल रोग है, जो मानव त्वचा व तंत्रिकाओं को प्रभावित करता है। यह रोग माइकोबैक्टीरियम लैप्री नामक जीवाणु से होता है, जो मानव शरीर में धीरे धीरे विकसित होता है। तंत्रिकाओं के प्रभावित होने से ही इस रोग में विकृतियां होती है। कुष्ठ रोग के संक्रमण का पहला संकेत एक छोटे से दाग के रूप में होता है। बहु औषधि उपचार प्रणाली दवा के संयोजन से जो बहुत ही कारगर दवा है। समय पर लेने से रोग व विकृतियां से बच जाता है। इस रोग के इलाज की दिशा में प्रगति, पीड़ितों के लिए सरलता से जांच व इलाज की उपलब्धता बेहतर करने साथ ही कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक को मिटाने और कुष्ठ रोगियों को बेहतर जीवन देने के लिए सामाजिक प्रयासों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। अंत में 2 मिनट का मौन रख महात्मा गांधी व देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही भारत को कुष्ठ मुक्त बनाने शपथ लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से व्याख्याता जोया मकरानी, पायल साहू, प्रतिमा साहू, रूपाली साहू आदि मौजूद रहे। संचालन व आभार प्रदर्शन व्याख्याता ईशा शुक्ला ने किया।



### शहीद दिवस पर दीपक जला दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहीद दिवस पर दीपक जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। जिसमें शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, पूर्व सैनिक कन्हैया लाल सोनी, सरला सोनी, निरंजना चंद्राकर, तारिणी चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, डाली चंद्राकर, कामनी चंद्राकर, आरती महंती, लीना कमल, लक्ष्मण मानिकपुरी प्रतिभा, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर उपस्थित रहे। तारिणी चंद्राकर ने कहा कि महात्मा गांधी ने भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने में बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने भारत की आजादी, विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन तक बलिदान कर दिया था। गांधी के इस बलिदान की याद करने के लिए हर साल 30 जनवरी को शहीद दिवस के रूप से मनाया जाता है। इस दिन उन सभी शहीदों को भी याद किया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिया था। महात्मा गांधी को आज बापू की वजह से ही हम सब आजाद हवा में सांस ले रहे हैं। गांधी के साधारण व्यक्तित्व और साधनापूर्ण जीवन ने सिर्फ भारत को ही नहीं, बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया है।

## मोदी ने विद्यार्थियों को परीक्षा में तनाव कम करने के दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा पे चर्चा के सातवें संस्करण अंतर्गत नई दिल्ली के भारत मंडपम से देशभर के विद्यार्थियों को परीक्षा में तनाव कम करने के महत्वपूर्ण टिप्स दिए। जिसका सीधा प्रसारण पूरे भारतवर्ष में किया गया। इस प्रसारण को देखने जिले के सभी शालाओं में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी के ऑनलाइन परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े। इसके अलावा जिले के विभिन्न स्कूलों में भी प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा का ऑनलाइन कार्यक्रम आयोजन किया।



जिला मुख्यालय के स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी, डीएमसी केके चंद्राकर सहित अन्य स्कूलों के माध्यमिक और हायर सेकंडरी के शिक्षक, बच्चे और पालक उपस्थित थे। इसी तरह अन्य स्कूलों में एवं विकासखंड स्तरीय आयोजन भी किया गया।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2024 के दौरान छात्राएं शिक्षकों और अभिभावकों से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने स्कूली बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हमारे बच्चों में लचीलापन पैदा करना और उन्हें दबावों से निपटने में मदद करना महत्वपूर्ण है। छात्रों की चुनौतियों का समाधान अभिभावकों के साथ-साथ शिक्षकों को भी सामूहिक रूप से करना चाहिए। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा छात्रों के विकास के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि शिक्षक नौकरी की भूमिका में नहीं हैं बल्कि वे छात्रों के जीवन को संवारने की जिम्मेदारी निभाते हैं। माता-पिता को अपने बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को उनका विजिटिंग कार्ड नहीं बनाना चाहिए। छात्रों और शिक्षकों के बीच का बंधन पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या से परे होना चाहिए। अपने बच्चों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता के बीज कभी न बोएं। बल्कि भाई-बहनों को एक-दूसरे के लिए प्रेरणा बनना चाहिए। अपने सभी कार्यों और अध्ययन में प्रतिबद्ध और निर्णायक बनने का प्रयास करें। जितना संभव हो उत्तर लिखने का अभ्यास करें। यदि आपके पास वह अभ्यास है तो परीक्षा हॉल का अधिकांश तनाव दूर हो जाएगा। प्रौद्योगिकी को बोझ नहीं बनना चाहिए। इसका विवेकपूर्ण उपयोग करें। सही समय जैसा कुछ नहीं है इसलिए इसका इंतजार न करें। चुनौतियां आती रहेंगी और आपको उन चुनौतियों को चुनौती देनी होगी। यदि लाखों चुनौतियां हैं, तो अरबों समाधान भी हैं। असफलताओं से निराशा नहीं होनी चाहिए। हर गलती एक नई सीख हैं। उचित शासन के लिए भी नीचे से ऊपर तक उत्तम सूचना की व्यवस्था और ऊपर से नीचे तक उत्तम मार्गदर्शन की व्यवस्था होनी चाहिए। मैंने अपने जीवन में निराशा के सभी दरवाजे और खिड़कियां बंद कर दी हैं। इस दौरान देश के अन्य राज्यों से बच्चों और अभिभावकों ने प्रधानमंत्री मोदी से सवाल पूछे जिनका प्रधानमंत्री मोदी ने सकारात्मक जवाब देकर मौजूद बच्चों और अभिभावकों को बिना तनाव के परीक्षा की तैयारी करने प्रेरित किया।

## आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय का विवि समिति ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय महासमुंद का संबद्धता के लिए निरीक्षण कार्य कराया गया। निरीक्षण समिति ने महाविद्यालय के नोडल अधिकारी अजय राजा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातक उत्तर महाविद्यालय महासमुंद की अगुवाई में महाविद्यालय में उपलब्ध सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की।

डॉ संजय कुमार पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा गठित तीन सदस्यीय निरीक्षण समिति के संबंधवायक के रूप में समिति का नेतृत्व किया। समिति में डॉ संजय कुमार पंडित रविशंकर शुक्ल विवि कंप्यूटर अध्ययनशाला, डॉ मधुलता बारा पंडित रविशंकर शुक्ल विवि हिंदी साहित्य अध्ययन शाला तथा डॉ मधु श्रीवास्तव शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातक उत्तर महाविद्यालय रायपुर शामिल रहे। महाविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष कला संकाय में आधार पाठ्यक्रम, हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, अंग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा राजनीति शास्त्र के साथ कुल 60 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। बीएससी प्रथम वर्ष गणित समूह में आधार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, रसायन शास्त्र गणित भौतिक शास्त्र के साथ कुल 60 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। बीएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम वर्ष में आधार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा, गणित कंप्यूटर तथा भौतिक शास्त्र के साथ कुल 60 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। बीकॉम वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष में आधार पाठ्यक्रम हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा बीकॉम कंप्यूटर के साथ कुल 90 सीटों पर प्रवेश उपलब्ध है। उक्त चारों संकायों की संबद्धता हेतु प्रतिवेदन तैयार करने के उद्देश्य से निरीक्षण समिति आज उपस्थित हुई। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय उप कुलसचिव अकादमिक के निर्देशनानुसार समिति ने महाविद्यालय परिसर तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सभी मूलभूत आवश्यकताओं तथा सुविधाओं का जायजा लिया। महाविद्यालय के रसायन शास्त्र प्रयोगशाला, भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, ग्रंथालय की किताबें, पेयजल व्यवस्था, इंटरनेट, खेल के मैदान, विद्यार्थियों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, अध्ययन अध्यापन की सुविधाए स्वच्छता एवं शौचालय व्यवस्था आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। आंतरिक एवं बाह्य



निरीक्षण के उपरांत निरीक्षण समिति महाविद्यालय सभागार में विद्यार्थियों से रूबरू हुए। समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों से महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा समस्याओं के संदर्भ में बातचीत की तथा उन्हें विश्वविद्यालय नियमों तथा अधिनियमों से भी अवगत कराया। निरीक्षण समिति के तीनों सदस्यों ने अपने-अपने संकाय के विद्यार्थियों से अध्ययन अध्यापन संबंधी चर्चा करते हुए विषय संबंधी व्याख्यान भी प्रदान किए। डॉ संजय कुमार ने बीकाम कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा बीएससी कंप्यूटर साइंस की संबंधी प्रतिवेदन तैयार किया। डॉ संजय कुमार के ही निर्देशन में डॉ मधुलता बारा ने कला संकाय बीए तथा डॉ मधु श्रीवास्तव ने विज्ञान संकाय बीएससी गणित विभाग की संबद्धता संबंधी प्रतिवेदन तैयार किया। महाविद्यालय की मुखिया प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल ने समिति को निरीक्षण के लिए अपना महत्वपूर्ण समय देने तथा सुझाव प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की अंग्रेजी की वरिष्ठ सहायक अध्यापक डॉ श्रुति झा, हिंदी सहायक प्राध्यापक, प्रतिमा चंद्राकर, रवि देवांगन सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, तरुण कुमार बांधे सहायक प्राध्यापक. वाणिज्य, मुकेश कुमार सिन्हा व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन, हरिशंकर नाथ व्याख्याता राजनीति शास्त्र, नीलेश कुमार तिवारी व्याख्याता गणित, माधुरी दीवान व्याख्याता वाणिज्य, शिखा साहू व्याख्याता भौतिकी, केमिका चंद्राकर व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान, शेषनारायण साहू प्रयोगशाला तकनीशियन, शशि कुमार सोनी छात्रावास अधीक्षक, जगतारण बघेल प्रयोगशाला तकनीशियन आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए महाविद्यालय के कर्मचारी कौशल साहू, धर्मेंद्र साहू तथा चंदू सिन्हा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## मोदी की गारंटी पर जीतेंगे लोकसभा की सभी सीटें: साव

### केंद्रीय चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन डिप्टी सीएम अरुण साव ने किया। इसके पूर्व प्रथम नगर आगमन पर भाजपाजनों ने पुष्पवर्षा कर बाजे गाजे के साथ उनका स्वागत किया।

महासमुंद सांसद चुन्नीलाल साहू ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विधानसभा की तर्ज पर लोकसभा सीट जीताने के लिए कार्यकर्ता संकल्पित है। इस दौरान लोकसभा क्लस्टर प्रभारी अजय चंद्राकर ने भी संबोधित किया। कार्यकम का संचालन जिला महामंत्री संजय शर्मा एवं आभार लोकसभा प्रभारी रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने किया।

इस अवसर पर लोकसभा संयोजक शंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया, जिला संगठन प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिलाध्यक्ष रूपकुमारी चौधरी, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, बसना विधायक संपत अग्रवाल, राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, परेश बागबाहरा, रंजना साहू, डमरूधर पुजारी, प्रदेश सदस्य इंद्रजीत सिंह गोल्डी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, शशि पवार सहित लोकसभा क्षेत्र के भाजपा के सभी प्रमुख पदाधिकारी और जनप्रतिनिधगण और मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### कौशिल्या मंदिर दर्शन के लिए दल रवाना

**महासमुंद।** समग्र शिक्षा समावेशी शिक्षा अंतर्गत जिला महासमुंद के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन के लिए एक्सपोजर विजिट विज्ञान केंद्र मोवा एवं कौशिल्या माता मंदिर चंदखुरी के लिए 31 जनवरी 2024 को रवाना हुआ। जिसमें जिला महासमुंद के कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के प्रत्येक विकास खंड से दिव्यांग बच्चे एवं सहयोगी साथी रवाना हुए। इस अवसर पर दल को रवाना करने एवं हरी झंडी दिखाने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत महासमुंद मिषा कोसले, जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी, जिला परियोजना समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी डीएन जांगड़े, राजकुमार साहू, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक जागेश्वर सिन्हा उपस्थित थे। भ्रमण दल के साथ बीआरपी अनिता निर्मलकर, सभी विकासखंड के स्पेशल एजुकेटर, शिक्षक एवं संकुल समन्वयक रवाना हुए। उपरोक्त जानकारी संकुल समन्वयक आशीष कुमार साहू ने दी है।

### कर्मचारी डेटाबेस 10 तक अद्यतन के निर्देश

**महासमुंद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में कर्मचारियों के तैयार डेटाबेस को जिले के समस्त विभागों द्वारा अद्यतन किए जाने के लिए विभागों से स्थानांतरित एवं नई नियुक्तियों की जानकारी एकत्रित कर नया डेटाबेस 10 फरवरी 2024 तक सीपीएस वर्जन 3.7 में सुधार पूर्ण करने के संबंध में 1 फरवरी 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में बैठक आयोजित किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी निर्भय साहू ने आयोजित बैठक में अधीनस्थ स्थापना शाखा की लिपिक/तकनीकी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने निर्देशित किया है।

### अजजा वर्ग के युवाओं से आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए महासमुंद जिले में वर्ष 2023-24 के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत युवाओं के लिए निर्माण क्षेत्र जैसे दोना पत्तल, फर्नीचर, आलमारी निर्माण, अगरबत्ती, साबुन, वाशिंग पाउडर आदि निर्माण से संबंधित इकाई के लिए अधिकतम लागत 50 लाख एवं सेवा क्षेत्र जैसे मुर्गी पालन, मछली पालन, च्वाईस सेंटर, ब्यूटी पार्लर, रिपेयरिंग कार्य, टेलरिंग कार्य आदि सेवा क्षेत्र से संबंधित कार्य के लिए अधिकतम लागत 20 लाख रुपए निर्धारित है। आवेदन पश्चात एवं बैंक द्वारा ऋण स्वीकृति उपरांत शहरी क्षेत्र में स्थापित उद्योग को 25 प्रतिशत एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित उद्योगों को 35 प्रतिशत अनुदान स्वीकृत किया जाता है।



# तेंदूकोना में साईं बाबा की निकली पालकी यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

स्थानीय साईं भक्तों द्वारा बुधवार को साईं बाबा की पालकी यात्रा गाजे बाजे के साथ धूमधाम के साथ निकाली गई। पालकी यात्रा में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का सुबह से ही साल्हेभांठा स्थित साईं बाबा आश्रम में पहुंचना शुरू हो गया था। सुबह 11 बजे आश्रम से साईं बाबा पालकी में सवार होकर भक्तों के घर जाने के लिए रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में साईं भक्त उमड़ पड़े। भक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते सांई बाबा के जयकारा लगाते हुए शामिल हुए। आकर्षक फूलों से सुसज्जित पालकी में विराजमान सांई बाबा की पालकी यात्रा में साईं भक्तों ने उत्साह के साथ भाग लिया। साल्हेभांठा स्थित साईं आश्रम से बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई, जो मुख्य मार्ग होते हुए बस्तीपारा, बाजारपारा, गायत्री नगर से सांई नगर होते हुए यात्रा वापस साईं आश्रम पहुंची। पालकी यात्रा की भव्यता से पूरा नगर साईंमय हो गया था। हर कोई साईं बाबा के जयकारे लगा रहे थे। वही पालकी यात्रा का भक्तों ने जगह जगह स्वागत किया। यात्रा का समापन शाम को साईं आश्रम में प्रसाद वितरण कर किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।

**आज बाबा का भंडारा:** साईं बाबा सेवा समिति तेंदूकोना द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी साईं बाबा की पालकी यात्रा के दूसरे दिन गुरुवार को भंडारा में बाबा के प्रसाद का वितरण किया जाएगा समिति प्रमुख राम दीवान ने बताया कि भंडारा में प्रसाद वितरण इस दिन 12 बजे साईं आश्रम परिसर में आरती व भोग के बाद प्रारंभ होगा।

## अभियान: माह के अंतिम शनिवार को मनाया जाएगा निर्मल आंगनबाड़ी दिवस

# निर्मल आंगनबाड़ी अभियान से केंद्रों में समुदाय की बढ़ी सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की 1789 आंगनबाड़ी को साफ-सुथरा और सुसज्जित आंगनबाड़ी केंद्र बनाने व स्वच्छता के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से 26 दिसंबर से 25 जनवरी 2024 तक निर्मल आंगनबाड़ी अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत समुदाय आधारित गतिविधियों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में सहभागी नियोजन पर जोर दिया गया। अभियान में सफलता पूर्वक की गई गतिविधियों को कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा मंगलवार को समय सीमा की बैठक में जानकरी ली गई। कलेक्टर मलिक ने निर्मल आंगनबाड़ी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इससे आंगनबाड़ी केंद्रों में समुदाय की सहभागिता बढ़ेगी। जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों को स्वच्छ और निर्मल बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को निर्मल आंगनबाड़ी दिवस के रूप में मनाया जाए। इससे समुदाय में स्वच्छता के प्रति निरंतरता बनी रहेगी।

बैठक में पीरामल फाउंडेशन के प्रोग्राम मैनेजर महेंद्र आर्य द्वारा पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान में जिले की 1567 आंगनबाड़ी केंद्रों में महासमुंद शहरी से 67, महासमुंद ग्रामीण 325, बागबाहरा- 381, पिथौरा- 356, बसना- 339 और सरायपाली- 321 आंगनबाड़ी केंद्र शामिल है। इस अभियान के दौरान सामुदायिक जनभागीदारी पर विशेष जोर देते हुए पंचायत सदस्य, महिला समूह, युवा एवं ग्रामीण, अभिभावक तथा स्वैच्छिक संगठनों ने सक्रिय भागीदारी दी। अभियान अंतर्गत 2518 ग्राम पंचायत सदस्य, समुदाय से 4510 पालकगण, 4971 युवा वर्ग एवं ग्रामीण एवं 3200 स्व सहायता समूह की महिलाओं ने विशेष योगदान दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी समीर पांडेय ने कहा कि अभियान से आंगनबाड़ी केंद्रों में आए सकारात्मक बदलाव से बच्चों में नियमित साफ-सफाई की आदत विकसित होगी तथा आंगनबाड़ी से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को संचालित करने में मदद मिलेगी।



अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत की भागीदारी बढ़ाते हुए आंगनबाड़ी केंद्र को नियमित तौर पर साफ-सुथरा और सुसज्जित बनाने के लिए सामूहिक प्रयास पर आधारित था। इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी का परिसर, कमरा, रसोई एवं भंडार कक्ष आदि को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित हो। इस अभियान के दौरान पीरामल फाउंडेशन टीम ने जिले की सभी परियोजनाओं में सेक्टर स्तर पर कार्यकर्ताओं, सरपंच, सचिव और पंच सदस्यों को इस अभियान से जुड़ने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की गई। साथ ही युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए महाविद्यालयीन स्तर पर युवाओं के साथ चर्चा भी की गई। इस अभियान के दौरान आंगनबाड़ी को निर्मल बनाने सभी ने शपथ के माध्यम से आंगनबाड़ी को साफ-स्वच्छ बनाने के लिए शपथ ली। इस अभियान को सफल बनाने में पीरामल फाउंडेशन टीम से महेंद्र आर्य प्रोग्राम मैनेजर, ऋचा साहू और यास्मीन मेमन प्रोग्राम लीडर और गांधी फेलो आकांक्षा गौतम, श्रुति धाकड़, शुभम, सूरज, प्रवीण और ऋतु ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आशीबाई स्कूल में छात्राओं ने लगाई प्रदर्शनी, डीईओ ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में संचालित एकमात्र गृह विज्ञान संकाय शासकीय आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन में हुई। जिसमें बाह्य पर्यवेक्षक प्रियंका वर्मा, जेआर दानी कन्या विद्यालय रायपुर रही।

प्रायोगिक परीक्षा में जिला शिक्षा अधिकारी मीता मुखर्जी एवं सहायक संचालक नंदकिशोर सिन्हा निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने छात्राओं द्वारा बनाए गए विभिन्न फाइलों, क्राफ्ट वर्क का अवलोकन एवं उनके कार्यों की सराहना की।

छात्राओं द्वारा फिजियो एवं फर्स्ट एड विषय के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं, नवजात शिशु की देखभाल, पोषण, आहार, बीमारी एवं उसके निराकरण के उपायों पर विस्तृत फाइलों का निर्माण किया था। भोजन तथा पोषण विषय के अंतर्गत नूतन जगत ग्रुप ने पुलाव सूजी एवं खोपरे के लड्डू कढ़ी बनाया। अंजलि ग्रुप ने अंकुरित सलाद, टमाटर चटनी, आम की चटनी, खजूर का पेठा, मुरब्बा, करौंदे का अचार बनाया था। जागृति ग्रुप में मूंग बड़ा, आलू गुंडा, कस्टर्ड ग्रीन चार्ट बनाया था। आर्ट एवं क्राफ्ट के अंतर्गत डेकोरेशन के लिए मंडला आर्ट पेंटिंग, मधुबनी पेंटिंग, मिरर वर्क, रेशम के धागे का झूमर, बस की लकड़ी का फ्लावर पोर्ट, न्यूज़पेपर की फोटो से कोलाज, सिलाई कढ़ाई में भारतीय परिधानों का कोलाज, संतुलित आहार की तालिका, योग शिक्षा के विभिन्न चित्र का प्रदर्शन किया। आंतरिक पर्यवेक्षक के रूप में आयशा लतीफ, तपस्या शर्मा एवं चंद्रशेखर मिथिलेश रहे।

विमल कुमार मन्नाडे, विवेक राहटगांवकर, संजय कुमार मांझी, अनिता साहू, हेमंत खूंटे, खोमन लाल चंद्राकर, डॉ ज्योतिकिरण चंद्राकर, जीआर साहू, लता वैष्णव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों के कार्यों की सराहना किया।

# धान खरीदी का समय बढ़ाकर मुख्यमंत्री ने किसान हित में लिया निर्णय: देवेंद्र

**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा धान खरीदी का समय बढ़ाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे किसान हित में बताया है।



चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के किसानों के हित में बड़ा फैसला लेते हुए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अवधि को 4 दिन और बढ़ा दिया है। किसानों से अब 4 फरवरी रविवार तक धान की खरीदी की जाएगी। मुख्यमंत्री ने राज्य में रिकार्ड धान खरीदी के बावजूद किसानों को धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो इसको ध्यान में रखते हुए यह संवेदनशील फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि खरीदी तिथि बढ़ने से राज्य के किसान प्रतिनिधियों एवं किसान संगठनों में हर्ष व्याप्त है। चालू खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में राज्य में 30 जनवरी तक 138.78 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, जो चालू खरीफ वर्ष में रखा गया लक्ष्य से अधिक है। धान खरीदी के एवज में किसानों को 28 हजार 708 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

चंद्राकर ने कहा कि किसान हित में भाजपा सरकार सदैव निर्णय लिया है। छूटे हुए किसानों को 4 दिन का अतिरिक्त समय मिलने से वे अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेच सकेंगे। 4 दिन में पूरे प्रदेश में लगभग 25 लाख एमटी धान की और खरीदी हो सकेगी। चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसान हित बेहतर निर्णय लिया है। प्रदेश के किसान मुख्यमंत्री के इस निर्णय से खुश हैं तथा सरकार को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। भाजपा सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने संकल्पित हैं, और इसी संकल्प को पूरा करने लगातार किसानों को सुविधाएं प्रदान कर रही है।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वित्तीय सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग एवं आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय में वित्तीय सशक्तिकरण फिंनटेक फिर आल पर तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के दूसरे दिवस बैंक ऑफ़ बरोदा और स्वरोजगार केंद्र के डायरेक्टर टीटी बेहेरा ने अपने वक्तव्य में प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर व्याख्यान दिया। जिसके अंतर्गत बैंकिंग सेक्टर द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सेवाएं की जानकारी छात्राओं के साथ साझा की। साथ ही प्रतिभागियों के सवालों का जवाब भी दिया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र महासमुंद से आए प्रफुल्ल साहू ने प्रतिभागियों को भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, औद्योगिक नीति 2019 24 की संक्षिप्त जानकारी दी। साथ ही विभिन्न उद्योगों को स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही छूट, उसके लिए आवश्यक दस्तावेज एवं योग्यता संबंधी जानकारी दी। लंच ब्रेक के उपरांत तृतीय सत्र में ग्रामीण स्वरोजगार ट्रेनिंग केंद्र से पधारे प्रतीक साहब गुप्ता ने खेलों के माध्यम से प्रतिभागियों को फाइनेंशियल रिस्क के लाभ एवं जोखिम समझाए।



कार्यक्रम के अंतिम सत्र में सिटी कोतवाली साइबर क्राइम सेल से पधारे अनु भोई, मनोज डडसेना, तरुणा मदनकार ने छात्राओं को साइबर फ्राड से बचने के तरीके बताएं। इस अवसर पर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की फिजिक्स एवं फोटोनिक्स डिपार्टमेंट की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर कविता ठाकुर भी उपस्थित रही। छात्राओं से कार्यक्रम के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वेतलाना नागल एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसबी कुमार ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि डिजिटल क्रांति अपने साथ नए जोखिम भी लेकर आई है, इसलिए आवश्यक है कि युवाओं को वित्तीय प्रबंधन की जानकारी दी जाए। ताकि, वह अपने आप को सुरक्षित रख सके। डॉ कुमार ने पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय का आभार भी जताया।

# जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं को दिया जा रहा कौशल आधारित प्रशिक्षण

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के युवाओं का स्थानीय आवश्यकता मूल्यांकन के आधार पर कौशल आधारित आजीविका सृजन किए जाने गुणवत्तायुक्त कौशल प्रशिक्षण कराया जाना है, जिसके लिए विशेष पिछड़ी जनजाति समूह कमार जनजाति के युवाओं को लाइवलीहुड आजीविका कार्यक्रम (एलडीपी) के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम पंचायत खट्टी में 21 इच्छुक कमार जाति के युवतियां व महिलाओं को ब्लाऊज मेकिंग एवं 18 इच्छुक कमार जाति के महिला, पुरुषों को मशरूम का प्रशिक्षण 17 जनवरी 2024 से दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 15 दिवस तक दिया जाना निर्धारित है। इसके दौरान उक्त युवाओं को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए जिले में संचालित स्वरोजगार विभाग जैसे ग्रामोद्योग, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र, जिला अंत्यावसायी निगम एवं श्रम विभाग के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदाय करते हुए उन्हें ऋण प्रकरण, श्रम कार्ड एवं टूल किट आदि प्रकरण तैयार कराया जाएगा साथ ही प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अंतर्गत आवेदन कराया जा रहा है ताकि वे स्वयं का स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। पीएम जनमन योजनांतर्गत इच्छुक हितग्राही आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता, राशन कार्ड, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, 1 पासपोर्ट साइज फोटो, श्रम विभाग का मजदूर पंजीयन कार्ड यदि हो तो की छायाप्रति जिला कौशल विकास प्राधिकरण जिला पंचायत अथवा लाइवलीहुड कॉलेज महासमुंद में आवेदन कर सकते हैं।

# शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल हो बहादुर कलारिन की शौर्यगाथा: नीरज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिला अधिकारों की रक्षा के लिए बहादुर कलारिन ने अपने इकलौते बेटे का बलिदान करने वाली मां की तपस्या अनुकरणीय है। कलार वीरांगना माता बहादुर कलारिन की शौर्यगाथा को शैक्षणिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग छत्तीसगढ़ कलार समाज के जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज गजेंद्र ने की है।

छत्तीसगढ़ सरकार को लिखे पत्र में डॉ नीरज गजेंद्र ने बताया है कि माता बहादुर कलारिन की शौर्यगाथा नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्पद है। छत्तीसगढ़ के कलार परिवार आज भी अपनी वीरांगना माता की त्याग, तपस्या और बलिदान की याद में सरहगढ़ महोत्सव मनाता है।

### कलारिन को मिली वैश्विक पहचान

मशहूर पटकथा लेखक और नाट्य निर्देशक हबीब ने माता बहादुर कलारिन की शौर्यगाथा को एडिनवर्ग इंटरनेशनल ड्रामा फेस्टिवल के माध्यम से वैश्विक पटल पर रखा। माता बहादुर कलारिन की त्याग और बलिदान को विश्व स्तर पर पहचान मिली। बसंत पंचमी पर जब पूरा देश उत्सव मना रहा था तब कलार परिवार की इस बेटी ने नारी सम्मान की रक्षा के लिए इकलौते बेटे का बलिदान दिया।



मान्यता है कि आज भी सोरर गांव में माता बहादुर कलारिन की मौजूदगी का अहसास लोग करते हैं। गांव और समाज में ऐसी मान्यता है कि महिलाओं के सम्मान में खोट रखने वालों को आज भी माता ही सजा देती है। त्याग और बलिदान की इस बरसी दिवस को कलार परिवार आज भी सरहरगढ़ महोत्सव के रूप में मनाते हैं।

### सरहरगढ़ महोत्सव में जुटेंगे कलार परिवार

डॉ नीरज गजेंद्र ने बताया सरहरगढ़ महोत्सव इस साल 13-14 फरवरी को दो दिनी महोत्सव मनाया जाएगा। प्रदेशाध्यक्ष युवराज सिन्हा की अगुवाई में होने वाले इस महोत्सव को यादगार बनाने के लिए समाज के हर घर से भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिसमें पूरे छत्तीसगढ़ के हर सामाजिक राज से लोग एकत्र होंगे।




